हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 07 | देहरादून, शनिवार, 22 जून, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 8




पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज योग करते हुए

3

# उत्तराखंड : योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है : मुख्यमंत्री धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है जो मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, जीवन को संतुलित बनाए रखने तथा असंभव लक्ष्य को पाने में विशेष भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ॠषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के द्वारा आज दुनिया में हमारी विशिष्ट पहचान बनी है। योग के लिये दुनिया भारत की ओर देख रही है। योग ने देश व दुनिया को स्वस्थता का भी संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने मनुष्य की सुख शान्ति की राह प्रशस्त की है। महान ॠषि पतंजलि ने योग के माध्यम से लोगों को जीने की राह दिखाई है। हर मनुष्य का परम लक्ष्य सुख और शांति की प्राप्ति है जिसमें योग की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना देशवासियों के लिये गर्व की बात है। प्रधानमंत्री जी के सार्थक प्रयासों से आज योग जन जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे ऐतिहासिक कार्यकाल में इस वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2024 को "स्वयं एवं समाज के लिए योग" सूत्र के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार ''वसुधैव कुटुम्बकम'' है। अनेकों वैश्विक चुनौतियों और षड्यंत्रों का सामना करने के बावजूद भारत ने कभी भी मानवीय मूल्यों से हटकर आचरण नहीं किया और हमारी इस लोक कल्याणकारी अवधारणा का आधार हमारी संस्कृति है, जिसके मुख्य स्तंभों में एक योग भी है। इसी वजह से योग आज दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्य कार्यक्रम पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश पिथौरागढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों में और 300 आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।









# आदि कैलाश से मुख्यमंत्री धामी ने दिया योग का संदेश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समुद्रतल से लगभग 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश में योग कर पूरे विश्व के शिवभक्तों को आदि कैलाश दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज सीमांत के गांवों की तस्वीर बदल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के पार्वतीकुण्ड आदि कैलाश के दर्शन के बाद व्यास घाटी में आदि कैलाश, ॐ पर्वत, कैलाश दर्शन, काली मंदिर, व्यास गुफा आदि तीर्थ स्थलों के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवान शंकर की पवित्र भूमि आदि कैलाश में किया गया योगाभ्यास**

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवान शिव की प्रवास स्थली में योग कर दुनिया के सैलानियों और तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश के साथ ही इस समूची व्यास घाटी की यात्रा का न्योता देने के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपेक्षा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा विश्व को दी गई 'योग' रूपी अमूल्य धरोहर से आज करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शक्ति हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की भी अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के सुदूर क्षेत्र में स्थित देवाधिदेव महादेव को समर्पित आदि कैलाश और ओम पर्वत का अद्भुत वातावरण मन में भक्ति, शक्ति और असीम ऊर्जा का संचार करता है। पर्वत राज हिमालय की गोद में बसे गुंजी, कुटी और नाभीढाँग गाँव जहां व्यास घाटी की संस्कृति, परंपरा और विरासत को अपने आँचल में समेटे हुए हैं तो वहीं शिव-पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, व्यास गुफा और पाण्डव पर्वत सनातन धर्म की अनंत ऊर्जा का परिचय कराते हैं।

योग दिवस पर मुख्यमंत्री ने आदि कैलाश में योग कर देश दुनिया के तीर्थयात्रियों को आदि कैलाश, ॐ पर्वत और पार्वती सरोवर के दर्शन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री का यह आह्वान मानसखण्ड मन्दिरमाला मिशन अभियान को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

**प्रधानमंत्री की यात्रा से आदि कैलाश क्षेत्र को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते वर्ष 12 अक्टूबर को पिथौरागढ़ जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए थे। तब प्रधानमंत्री ने ज्योलिंगकोंग पहुंचकर आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन किए थे। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने आदि कैलाश धाम को





अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के साथ ही मानसखण्ड में धार्मिक पर्यटन को नए आयाम प्राप्त हुए है। यहां पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी बढोत्तरी हुई है। इन दिनों हर रोज एक हजार से लेकर डेढ़ हजार तक की संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री ॐ पर्वत, आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के दर्शन को पहुंच रहे हैं।पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या से अब यह भी स्पष्ट है कि आगामी कुछ वर्षों में ही पिथौरागढ़ का यह सीमांत क्षेत्र बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। है। इससे इस क्षेत्र के चतुर्दिक विकास और स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पर्यटकों से गुलजार चीन बॉर्डर से सटे इलाके**

पिथौरागढ़ के सीमांत इलाके इन दिनों देश दुनिया के सैलानियों से गुलजार हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर और ॐ पर्वत के दर्शन को हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। पिथौरागढ़ से लेकर ज्योलिंगकांग तक होटल और होम स्टे यात्रियों और पर्यटकों से पैक हैं। आदि कैलाश, पार्वती सरोवर, गौरी कुंड, ओम पर्वत देखकर यात्री अभिभूत हैं। हर रोज बस, टैक्सी और निजी वाहनों से ही नहीं बल्कि दोपहिया वाहनों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थयात्री धारचूला पहुंच रहे हैं।

**ऑनलाइन उपलब्ध है इनर लाइन परमिट**

कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने से शिवभक्तों का आदि कैलाश यात्रा के प्रति रुझान बढ़ा है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए चीन सरकार का वीजा लेना पड़ता है, जबकि आदि कैलाश के भारत की सीमा में ही होने से मात्र इनर लाइन परमिट पर ही यह यात्रा हो जाती है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को इनरलाइन परमिट के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए आनलाइन परमिट की व्यवस्था की गई है।

**यह है आदि कैलाश यात्रा का रूट**

आदि कैलाश की यात्रा के लिए सबसे पहले टनकपुर या हल्द्वानी होकर पिथौरागढ़ पहुंचना होगा। दिल्ली से बस या ट्रेन से आप हल्द्वानी या टनकपुर पहुंच सकते हैं। इसके बाद पिथौरागढ़ की यात्रा बस या टैक्सी से तय कर सकते हैं। पिथौरागढ़ से धारचूला तक की 90 किमी की दूरी टैक्सी से तय करने के बाद आगे के सफर के लिए इनर लाइन परमिट लेना अनिवार्य है। धारचूला से आदि कैलाश पहुंचने के लिए 80 किमी का सफर तय करना होगा। इसके लिए धारचूला में टैक्सियां उपलब्ध हैं।

# योग स्वस्थ शरीर एवं प्रसन्न मन के लिए जरूरी है : DM सौरभ गहरवार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





रुद्रप्रयाग 22 जून : 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ 11वें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम से किया गया। रुद्रप्रयाग में गुलाबराय मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद एवं प्रदेश वासियों को 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि योग हमारे स्वस्थ शरीर एवं प्रसन्न मन के लिए जरूरी है तथा सभी को योगाभ्यास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय एवं आयुर्वेदिक यूनानी विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है तथा सभी को अपने जीवन में योगाभ्यास करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि करो योग, रहो निरोग। उन्होंने कहा कि योग से ही हमारा शरीर स्वस्थ्य रहेगा, इसके लिए योग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनता द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। भाजपा अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार ने भी योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 जून, 2014 से प्रारंभ किया गया, जिसमें 193 देशों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम किए गए थे। जिसमें विश्व पटल में योगा ने अपनी पहचान बनाई।

10वां अंतराष्ट्रीय कार्यक्रम केदारनाथ धाम में मंदिर परिसर भीमशीला में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तीर्थ पुरोहित, स्थानीय व्यापारियों, केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों द्वारा भी योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए योगाभ्यास किया गया।



आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुबीर सिंह पाल ने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में 18 जून से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें 18 जून को मंदाकिनी एवं अलकनंदा के संगम तट पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में 19 जून को अगस्त्यमुनि खेल मैदान से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया तथा आज योग दिवस के अवसर पर गुलाबराय मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही श्री केदारनाथ धाम में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में उन्होंने जिलाधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं एवं सभी जनमानस का कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चौधरी, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र सिंह बिष्ट, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हरिद्वार : मालवीय दीप हर की पौड़ी पर श्रद्धालुओं और योग साधकों ने योग की गंगा में डुबकी लगाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





हरिद्वार 22 जून : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन एवं जिला गंगा रक्षा समिति की तरफ योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के परमाध्यक्ष डॉ आशीष गौतम, रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव महाराज स्वामी दयामुर्त्यानंद, स्वामी जगदीश महाराज, प्रदेश स्तरीय गन्ना विकास समिति के उपाध्यक्ष श्याम वीर सैनी, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनीष दत्त, सिटी मजिस्ट्रेट कुशम चौहान, डिप्टी कलेक्टर मनीष सिंह, कृष्णयन देसी गौ रक्षा शाला एवं ऋषिकेश योग पीठ के ब्रांड एंबेसडर स्वामी अनंतानंद, जान्हवी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के प्रमुख एवं योगाचार्य डॉ प्रदीप खेर, योगाचार्य रजनीश, योगाचार्या डॉ रूचिता उपाध्याय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आशीष भैया, विधायक मदन कौशिक जिलाधिकारी धीराज सिंह गबर्याल ने दीप प्रज्वलित कर किया, इस मौके पर जिला आयुष और यूनानी अधिकारी डॉक्टर स्वास्तिक द्वारा सभी अतिथियों को पटका और रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग एवं प्राकृतिक शिक्षा सहायक निधि भट्ट, एवं योग अनुदेशकों निकुंज उपाध्याय, दीपक पांडे, सुनील कुमार, प्रतिभा सैनी, अदिति वर्मा, महिमा एवं आमंत्रित योगाचार्य डॉ प्रदीप खेर, डॉ रुचिता उपाध्याय, योगी रजनीश एवं स्वामी अनंतानंद द्वारा सभी योग साधकों और आमंत्रित अतिथियों को सामान्य योगाभ्यास क्रम के अनुसार अभ्यास कराया गया।

वंदे मातरम कुंज के छात्रों द्वारा मनमोहन योग नृत्य प्रस्तुत कर योग साधकों को मंत्र मुक्त किया गया। इस अवसर पर अवसर पर योग चैंपियन रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल की डायाचैंप विशिका द्वारा विशिष्ट योग का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का उपहार है, दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के मौके पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं, आज के दिन जब दुनिया के लोग अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में सम्मिलित होते हैं तो भारत का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ता है। मुख्य अतिथि डॉ आशीष गौतम ने कहा कि जिस तरह योग शरीर और मन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार पोषण के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बाजरा जैसे सुपर फूड्स का उपयोग भी आवश्यक है, जिसे अन्न के रूप में भी जाना जाता है। जिले के राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल अधिकारी डॉ अवनीश उपाध्याय ने कार्यक्रम के भूमिका संबोधन में कहा कि आज के दिन यानी 21 जून को पूरी दुनिया दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। यह विशेष अवसर योग के कारण वैश्विक समुदाय और हमारे जीवन में आये प्रभावों का उत्सव मनाने का है। योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' स्वस्थ भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को बल देगी। इस मौके पर हरिद्वार जिलाधिकारी धीराज सिंह गबर्याल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम हरिद्वार में बड़ी धूमधाम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव मना रहे हैं, हर की पौड़ी के मालवीय दीप पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रम में देशभर से आए श्रद्धालु भी सम्मिलित हो रहे हैं।

मंच संचालन डॉ घनेन्द्र वशिष्ठ और डॉ भास्कर आनंद द्वारा किया गया

कार्यक्रम में जिले के अधिकारियों सहित डॉ अवनीश उपाध्याय, डॉ विक्रम रावत, डॉ नवीन दास, डॉ अश्वनी कौशिक, डॉ दीपिका वर्मा, डॉ सौरभ प्रकाश त्रिपाठी डॉ मनीष कुमार सहित विभिन्न कार्यकर्ता एवं स्वयं से भी उपस्थित रहे।

# देहरादून : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सूचना विभाग में किया गया योगाभ्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 जून : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सूचना विभाग में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक अंकित ने सूचना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय ने योग प्रशिक्षक अंकित का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक संपूर्ण तरीका है। इसे अपनाकर हम एक स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन जी सकते हैं। सभी से आग्रह है कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें।




इस अवसर पर उपनिदेशक मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पान सिंह बिष्ट, रंजीत बुधियाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।










अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व राज्यपाल और प्रदेश के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी ने रामलीला मैदान पिथौरागढ़ में योग कर युवाओं को योग के प्रति प्रेरित करते हुए अंतराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश के सीनियर कैबिनेट मिनिस्टर सतपाल महाराज भी मौजूद रहे।

# योग संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है : श्रीमहंत देवेन्द्र दास

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 जून , श्री दरबार साहिब के सज्जादा गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों व देशवासियों को बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।उन्होंने नित्य की भांति श्री दरबार साहिब में प्रातः योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि हर आयु वर्ग के व्यक्ति को योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। आज के बदलते परिवेश में तनाव अनेक रोगों का कारण बन रहा है। योग साधना से मस्तिष्क व शरीर तनाव मुक्त रहते हैं, मानव अशांति व रोगों से बच सकता है।

योग संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है। योग से व्यक्ति के विचार सात्विक होते हैं। शास्त्रों में मानव के लिए रोग मुक्ति से लेकर आत्म शुद्धि व दीर्घायु जीवन के लिए योग साधना को सबसे सशक्त माध्यम बताया गया है। योग केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है। योग व्यक्ति के शरीर मन और आत्मा को नियंत्रित करने में सहायता करता है। यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन को एक साथ लाता है।





# हरकी पैड़ी के पास खुलेआम उड़ रहे ड्रोन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। विश्वप्रसिद्ध हरकी पैड़ी पर सुरक्षा मानकों की परवाह किए बगैर स्नान पर्वों के दौरान ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। यही नहीं सोशल मीडिया पर फुटेज भी अपलोड की जा रही हैं। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया की बदौलत अपने वारे न्यारे करने के लिए कुछ युवा बेहद संवेदनशील क्षेत्र हरकी पैड़ी सहित अन्य प्रमुख स्थानों की सुरक्षा व्यवसथा को ताक पर रखकर मनमानी करने में जुटे है। ये युवा शहर में बिना अनुमति के खुलेआम ड्रोन उड़ा रहे हैं और ड्रोन के वीडियो को सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर जमकर पैसा बंटोर रहे है। हरकी पैड़ी गंगा घाट पर स्नान पर्वों के अलावा गंगा कैनाल और बैराज व पुलों के वीडियो भी लगातार शेयर कर रहे हैं। चिंता की बात यह है कि पुलिस महकमा इनको लेकर आंखें मूंदे बैठा है। बड़ा सवाल यह है कि जब ड्रोन उड़ाने की अनुमति लेनी पड़ती है तो इन युवाओं को पूरे शहर में ड्रोन उड़ाने की अनुमति किसने दी है। यही नहीं इंस्टाग्राम पर हरिद्वार के नाम से पेज बनाकर ये युवा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। पथरी पावर हाउस और भीमगोडा बैराज जैसे संवेदनशील स्थानों के ड्रोन फुटेज भी इंस्टाग्राम पेज पर डाले गए हैं। गंगा दशहरा स्नान के वीडियो भी इन्होंने ड्रोन उड़ाकर बनाए और सुरक्षा से खिलवाड़ किया। हैरान कर देने वाली बात यह है कि पिछले कुछ महीनों से लगातार ड्रोन उड़ रहे हैं , लेकिन पुलिस महकमे के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह से इस बाबत पूछा गया तो उनका कहना था कि जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# उत्तराखंड : अगले 2 दिन सुहाना होगा मौसम इन जिलों में पड़ेंगी प्री-मॉनसून की फुहारें





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 जून :आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में प्री-मानसून से अच्छी बारिश होने की उम्मीद है, आगामी दो से तीन दिन तक प्री-मानसून के बाद राज्यभर में मानसून सक्रिय हो जाएगा। आज पांच पर्वतीय जिलों में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश की संभावना है वहीं कुछ इलाकों में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, वहीं छह जिलों में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे।भीषण गर्मी की मार झेल रहे उत्तराखंड में बीते दिन की बारिश ने राहत पहुंचाने के काम किया है और इसी के साथ प्रचंड गर्मी का प्रकोप भी अब खत्म सा हो गया है, क्यूंकि मौसम का मिजाज अब बदल चुका है।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस समय बारिश होती थी लेकिन इस साल इसमें कमी देखी गई जिसके कारण बारिश ना के बराबर हुई लेकिन अब दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर की ओर बढ़ रहा है जिससे कुछ दिनों में ही मानसून प्रदेश में भी पहुँच जाएगा और अच्छी बारिश देगा।मौसम विभाग के अनुसार चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ दौर की तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं बागेश्वर, अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी और नैनीताल जिलों में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे साथ ही कुछ स्थानों में बिजली चमकने के साथ झोंकदार हवाएं भी चल सकती है। प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में अब लू जैसे हालत की स्थिति नहीं रहेगी और दो दिन हल्की बारिश के बार प्रदेश में मध्यम बारिश का दौर शुरू हो जाएगा जिससे अब तापमान में गिरावट आएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से जुड़कर पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति का बढ़ा रही गौरव : सीएम योगी







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तर प्रदेश 22 जून : 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में सम्मिलित हुए और योगाभ्यास किया. उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर के भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है. इस कार्य के साथ यदि हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए भारत की इसी परंपरा के प्रति, इसी श्रद्धा को व्यक्त करने का एक माध्यम बना है।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया. इस अवसर पर प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकगणों ने पूरे उत्साह से सामूहिक योगाभ्यास में किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि योग दिवस के अवसर पर हम अपनी विरासत का स्मरण करते हुए भारत की ऋषि परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं. ये अवसर हमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदान किया है, जिनके विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज दुनिया के लगभग पौने दो सौ देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़कर भारत की इस विरासत के साथ खुद को जोड़कर के हमारी संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे। अपनी परंपरा और पूर्वजों व विरासत के प्रति इससे बड़ा सम्मान और कोई नहीं हो सकता।

## कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 22 जून : भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से ज यहां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूम धाम के साथ मनाया गया। मालवीय उद्यान में भारी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर योग के माध्यम से समाज को निरोग करने का संदेश दिया। स्थानीय मालवीय उद्यान में योग दिवस का विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों द्वारा योग किया जाता रहा है।



उन्होंने लोगों से योग को घर-घर तक पहुंचाने की आग्रह किया। इस मौके पर विभिन्न योग समितियों ने योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में सुनीता रावत ने प्रथम, अनीता देवी ने द्वितीय और बिनोती देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रियांशु कुमार प्रथम, अभय कुमार द्वितीय और वरुण कुमार त्रितीय और बालिका वर्ग जूनियर में सनम, प्रिया, कामिनी, जूनियर वर्ग बालक में सार्थक कंडवाल, अश्वेत कुमार , रौनक कुमार तथा सीनियर पुरुष वर्ग में विपुल उनियाल, सत्यनारायण नौटियाल और शिव सिंह ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी विजय भाटिया, युवा भारत के जितेंद्र काला, किसान सेवा समिति के चंद्र किशोर रायसवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अर्थवाल, सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ जेपी ध्यानी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, महिला मोर्चे से सुनीता कोटनाला, उपजिधिकारी सोहन सिंह सैनी आदि मौजूद थे।

## दुर्घटना का शिकार हुआ कैबिनेट मंत्री का वाहन, मंत्री चोटिल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 जून : उत्तराखंड की राजधानी दून में योग कार्यक्रम में जाते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के काफिले के वाहन टकरा गए और जिस वाहन में मंत्री सवार थे, वह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, मंत्री जोशी चोटिल नहीं हुए। यह घटना देहरादून में राजपुर रोड पर हुई।

कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी मनोज जोशी ने बताया कि बहल चौक पर अज्ञात वाहन के आगे आने से यह दुर्घटना हुई और वाहन को बचाने के लिए लगाए गए इमरजेंसी ब्रेक के चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मंत्री






पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। हालांकि चिकित्सकों द्वारा मंत्री की गर्दन का एक्सरे करवाया गया, सभी प्रकार की जाँच ठीक होने के बाद उन्हें चिकित्सकों द्वारा उनकी सामान्य जांच के बाद घर भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### योग से न केवल मानसिक शांति, बल्कि चमत्कारिक रूप से शारीरिक रूप से समृद्धता प्राप्त होती है : कुलपति प्रो. जोशी

नई टिहरी। श्री देव सुमन विवि में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री देव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी की उपस्थिति में समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों ने योग, प्राणायाम का विधिवत अभ्यास किया गया। कुलपति प्रो. जोशी ने योग के साथ पर्यावरण संरक्षण की अपील भी की। योग दिवस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एनके जोशी ने कहा कि योग से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि चमत्कारिक रूप से शारीरिक रूप से समृद्धता प्राप्त होती है। कहा कि योग व प्राणायाम से असाध्य रोगों पर भी विश्व के नागरिकों ने विजय प्राप्त की है। योग प्रशिक्षक के रूप में विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश के योग विभाग के विभागाध्यक्ष डा जेपी कंसवाल ने योगाभ्यास के दौरान कहा कि शुद्ध आहार ही जीवन में बड़ा महत्व रखता है। सात्विक आहार के साथ योगाभ्यास से न केवल मनुष्य स्वस्थ रह सकता है, बल्कि उम्र में भी वृद्धि होती है। ऋषि मुनियों तथा महर्षि पंतजलि के योगदान पर उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। योग कार्यक्रम का संचालन विवि के सहायक परीक्षा नियंत्रक डा.हेमन्त बिष्ट ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ सहायक परीक्षा नियंत्रक मुख्य डा. बीएल आर्य, सहायक कुलसचिव प्रमोद बैंजवाल, निजी सचिव कुलपति वरुण डोभाल, योग प्रशिक्षक सहयोगी डा. बीना रयाल, कुलदीप सिंह, मनोज, राहुल सजवाण, मुकेश बिष्ट, दीपक रावत मौजूद रहे।

### योग जीवन का आधार : किशोर उपाध्याय

नई टिहरी। विश्व योग दिवस पर जिला मुख्यालय के विभिन्न संस्थानों में शुक्रवार को योग के कार्यक्रम आयोजित कर योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपीलें की गई। टिहरी झील के किनारे टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय सहित जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुबह की बेला पर योगाभ्यास किया। योग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि योग जीवन का आधार है। यह विद्या में भारत देश को पारंगत हासिल है। इसी भूमि में योग पनपा है। कहा कि योग को अपने सामर्थ्य से पीएम मोदी ने इसे विश्व में पहुंचाने हुए इसकी वैश्विक महत्ता को भी साबित किया है।

### योगाभ्यास के बाद जनपद के सभी थाना-चौकियों में स्वच्छता अभियान चला

रुद्रप्रयाग। । पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा में योगाभ्यास किया गया। जबकि जनपद के सभी थाना-चौकियों में योगाभ्यास के बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया। चौकी केदारनाथ सहित यात्रा पड़ाव की सभी चौकियों पर नियुक्त कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर एसपी ने कार्मिकों को योग के महत्व को बताया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग। प्रबोध कुमार घिल्डियाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन विकास पुण्डीर, केदारनाथ धाम में अपर पुलिस अधीक्षक वीर सिंह, चौकी प्रभारी केदारनाथ मंजुल रावत मौजूद थे। वहीं अगस्त्यमुनि में हेल्पऐज इंडिया के केदारघाटी के गांव गिंवाला में वायोदय परियोजना में बुजुर्गों के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र में हेल्पऐज इंडिया के राज्य प्रमुख चैतन्य उपाध्याय, कुँवर सिंह भंडारी, योगाचार्य कृष्ण अवतार, प्रवीण राय, डा. रंगलाल यादव, नवीन भट्ट, विष्णु दुबे, प्रदीप, योगेश, निकिता आदि मौजूद थे।

### योग करने की शपथ भी दिलाई


रुड़की। श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अनु शर्मा ने इसका शुभारंभ किया। बताया कि देश विदेश में भी आज योगा को महत्तवपूर्ण स्थान मिला है। छात्राओं को योगा कराने के साथ ही उन्होंने कहा कि योग से प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोग रह सकता है। इसके बाद छात्राओं को योग करने की शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य भारती अग्रवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए योग के महत्व के बारे में बताया।

# चारधाम यात्रा : रात 9 बजे से सुबह 4 बजे तक बैरियर, पर्यटक वाहनों के रात में संचालन पर रोक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 22 जून : कुछ दिन पहले बदरीनाथ हाईवे पर एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया थे जिसमें 15 तीर्थयात्रियों ने अपनी जान गँवा दी, जिसके बाद पुलिस व प्रशासन सतर्क हो गए हैं और यात्रियों को सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है हालांकि स्थानीय वाहन संचालकों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

चारधाम यात्रा में इस समय काफी ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं जिसके चलते सड़कों पर भी यातायात में दबाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों बदरीनाथ हाईवे पर एक यात्रियों भरा टेंपो-ट्रैवलर अलकनंदा नदी में समा गया था, जिसमें मौके पर 15 लोगों की मौत हो गई थी और 11 लोग घायल हो गए थे। इस तरह की हृदय विदारक घटनाओं के सामने आने से सरकार ने यात्रियों के वाहनों के लिए कुछ बदलाव किए हैं जिनमें ऋषिकेश-बदरीनाथ, रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड और कुंड-ऊखीमठ-चोपता-मंडल-गोपेश्वर हाईवे पर रात 9 बजे से सुबह 4 बजे तक यात्री व पर्यटक वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गई जबकि स्थानीय वाहनों पर यह नियम लागू नहीं होगा।मानसून का सीजन भी शुरू हो गया है इसलिए खतरा और बढ़ जाता है, इन सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्री व पर्यटक वाहनों के संचालन की समय तय की गई है। पुलिस सभी बैरियर पर सीसीटीवी कैमरे भी लगा रही है ताकि व्यवस्था की बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। रात्रि में स्थानीय वाहनों के संचालन की अनुमति दी गई है, लेकिन संबंधित संचालकों से पूरी जानकारी ली जाएगी।








# जल संरक्षण के लिए आधुनिक और कारगर तकनीक अपनाएं : आनन्द बर्द्धन ACS





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 जून , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये हैं कि जल संरक्षण और संवर्द्धन को जल आंदोलन के रूप में लिया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल संरक्षण के लिए आधुनिक और कारगर तकनीक के इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संचय के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए और इसके लिए जन सहयोग भी लिया जाए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि नगर निकायों, प्राधिकरणों, पंचायतीराज और वन विभाग द्वारा जन सहभागिता से कन्टूर ट्रेंचेज, रिचार्ज पिट, चाल-खाल और चेक डैम बनाये जाए। महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों और जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वालों का इसमें सहयोग लिया जाए। जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए राज्य और जनपद स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाए। वर्षा जल संचय की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नगरीय क्षेत्रों भूमि का जल स्तर बढ़ाने के लिए सरकारी भवनों के रूफटॉप वाटर को प्रचलित माध्यमों से जमीन तक पहुंचाया जाए।

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा जल संचय के साथ ही जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए भी लोगों में जागरूकता लाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में पेयजल लाईन के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उनकी तत्काल मरम्मत की जाए।

जनपदों में जल संचय के लिए चाल-खाल और अमृत सरोवर और नये चेक डैम बनाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में सचिव शैलेश बगोली, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, अपर सचिव नितिन भदौरिया, अपर मुख्य कार्यकारी स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीना ग्रेवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों, विद्यालयों, संस्थानों, पार्कों में हर कोई योग करता हुआ दिखाई दिया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में योग विभाग के तत्वाधान एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयोजन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जमकर योगाभ्यास किया। इस मौके वर्चुअल माध्यम से जुड़ी गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में अपने की जरूरत है। बिड़ला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट ने योग को जीवन का महत्वपूर्ण पहलू बताया। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि योग से नकारात्मकता दूर होने के साथ ही सकारात्मकता आती है। मौके पर कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार डोढी, योग विभाग की विभागाध्यक्ष डा. अनुजा रावत, मुख्य अभियंता वीएन बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे। वहीं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), उत्तराखंड में सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर, मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में योग दिवस पर डॉक्टरों एवं छात्र-छात्राओं ने जमकर योगाभ्यास किया। इस मौके पर एंजल्स हेवन स्कूल एंव रेनबो पब्लिक स्कूल में योग की धूम रही। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने अलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, कपालभाति सहित अन्य योग मुद्राओं के बारे और उनके लाभों के बारे में जाना। इस मौके पर एंजल्स हेवन स्कूल के प्रबंधक आरपी भट्ट, मुख्याध्यापिका विभा भट्ट, पूजा, सुनीता, हरेंद्र सीमा के साथ ही रेनबो स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. रेखा उनियाल, विद्यालय के उप प्रबंधक रिद्धिस उनियाल, योगाचार्य प्रवेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

### एबीवीपी ने एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन कर फूंका पुतला

श्रीनगर गढ़वाल। नेशनल टेस्टिंग ऐजंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में धांधली होने पर शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बिड़ला परिसर गेट के सम्मुख एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप आक्रोशित छात्रों ने एनटीए का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री अमन पंत ने कहा कि देश की माने जाने वाली परीक्षा करवाने वाले एजेंसी एनटीए में भी धांधली शुरू हो गई है। कहा कि परीक्षाओं में लगातार धांधली होने से लाखों छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पेपर लीक होना शर्मसार करने वाली घटना है। छात्र नेता जसवंत सिंह राणा ने कहा कि 11 लाख से अधिक छात्रों ने 18 जून को यूजीसी नेट की परीक्षा दी लेकिन पेपर लीक की घटना के बाद से परीक्षा को रद्द कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से एनटीए को बर्खास्त कर विश्वसनीय एजेंसी को परीक्षा करवाये जाने की जिम्मेदारी सौंपने की मांग की। साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग भी की। प्रदर्शन करने वालों में महिपाल बिष्ट, हिमांशु भंडारी, आशीष पंत, अभिषेक अग्निहोत्री, विवेक धीरवाण, योगेश बहुगुणा, आशीष चौधरी, शुभम कुमार, सचिन रौथाण, जयदीप संदीप, अमन, दिलीप आदि शामिल रहे।

# रुद्रपुर : प्लांट लगाने के नाम पर उद्यमी से की 80 लाख की धोखाधड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 22 जून : अर्क का प्लांट लगाने के नाम पर शहर के उद्यमी से लाखों रुपये की हेराफेरी कर धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले दोनों साझेदारों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर ठगी करने की साजिश रची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से रुद्रपुर मेट्रोपोलिस कॉलोनी गौरव ने बताया कि उसकी मुलाकात तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी से हुई।




जिन्होंने रुद्रपुर में अर्क निकालने का प्लांट डालने का प्रस्ताव रखा और कारोबार में साझेदार बनने की बात कही। कारण दोनों ही व्यक्ति आर्थिक रूप से बेहद मजबूत है और कारोबार की अच्छी जानकारी भी थी। तो उसने पार्टनरशिप में कारोबार प्रारंभ करने का निर्णय लिया।कई बैठकों के बाद वह रुद्रपुर किच्छा रोड पर एक्सट्रैक्शन प्लांट लगाने का निर्णय लिया। जिसके चलते दोनों ही व्यक्तियों ने तेलंगाना हैदराबाद स्थित साझेदार खाते में दस लाख रुपये का भुगतान शुरू किया और 1.21 करोड़ धनराशि का प्रोजेक्ट तैयार हुआ।

आरोप था कि पीएनआर रेड्डी ओर अशोक रेड्डी द्वारा दबाव बनाने पर उसने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर उनके खाते में 1.91 करोड़ की धनराशि जमा करवाई। इसी दौरान आरोपी साझेदारों ने मुंबई की एक कंपनी से उच्च गुणवत्ता वाला विलायक निष्कर्षण संयंत्र खरीदने का ऑर्डर दिया।आरोप था कि बार-बार मोटी रकम के भुगतान के बाद जब उसे संदेह हुआ तो उसने आर्डर व प्लांट में साझेदार बनने का पता लगाया तो पता चला कि साझेदारों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर निष्कर्षण संयंत्र को महंगे दामों में दर्शाया, जबकि उसकी वास्तविक जीएसटी सहित कीमत 95 लाख थी। जिस पर उद्यमी ने जबाव मांगा तो साझेदार टालमटोली करने लगे। उद्यमी ने पार्टनरों पर फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लांट लगाने के नाम पर 80 लाख से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी साझेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# लखनऊ से दिल्ली तक चुनावी हार पर चिंतन मंथन का दौर !

सरफराज सैफी, न्यूज़ एंकर / वरिष्ठ पत्रकार
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



लोकसभा चुनाव के नतीजे बता रहे हैं कि एनडीए को सबसे ज्यादा नुकसान यूपी में हुआ।जहां वह सीटें बढ़ाना तो दूर की बात, अपनी सीटें भी नहीं बचा पाई। सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने उन्हें कड़ा मुकाबला दिया और एक तरह से हार की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया।उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी क्यों हारी, इसको लेकर जितने मुंह, उतनी ही बातें। बीजेपी ने समीक्षा के लिए टास्क फोर्स का गठन भी कर दिया और इस पर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खराब प्रदर्शन पर लगातार चिंतन और मंथन का दौर जारी है। लखनऊ से दिल्ली तक मैराथन बैठक भी देखने को मिला। बीजेपी जवाब ढूंढने में लगी है कि इस बार यूपी में क्या हुआ। दरअसल उत्तर प्रदेश के नतीजे ने इस बार सबको चौका दिया। सत्ता पक्ष और विपक्ष यूपी के नतीजे देख कर हैरान रह गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के दम पर यूपी में बीजेपी जीत को लेकर आश्वस्त थी। लेकिन जब नतीजे आए तो बीजेपी वहां दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी पहले नंबर पर पहुंच गई।

माना जा रहा है कि यूपी में इसी उलटफेर की वजह से बीजेपी खुद के दम पर सत्ता में वापसी नहीं कर पाई। इतनी बड़ी हार के बाद अब बीजेपी इस का की वजह को तलासने में लगी है।अब धीरे-धीरे हार की वजह सामने आ रही है कि यूपी में बीजेपी की हार की बड़ी वजह क्या रही। यूपी में बीजेपी ने 29 सीटों पर हार की समीक्षा की, लेकिन बीजेपी के लिए यूपी में हार के साथ-साथ अयोध्या सीट पर मिली हार का टीस है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद कहा जाता था कि बीजेपी के लिए उत्तर प्रदेश में जीत बहुत आसान हो गया है। लेकिन नतीजें जब आए तो पता चला कि बीजेपी अयोध्या सीट भी नहीं बचा पाई। यूपी में बीजेपी के ख़राब प्रदर्शन की कई वजहें बताई जा रही हैं। जितने मुंह, उतनी ही बातें। लेकिन कुछ कारणों पर आम सहमति है।सब मानते हैं कि संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर बीजेपी का एक बड़ा वोट बैंक इंडिया गठबंधन में शिफ़्ट हो गया।

लोकसभा उम्मीदवारों के खिलाफ लोगों में नाराजगी रही।इस बारे में पार्टी के एक सीनियर नेता ने कहा पीएम मोदी की लोकप्रियता पर उम्मीदवारों का एंटी इनकंबेसी हावी रहा। इस चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता कम सक्रिय रहे। राष्ट्रवादी मुद्दों पर जाति का गणित प्रभावी रहा। चुनाव लड़ने वाले कई उम्मीदवारों ने भीतरघात का भी आरोप लगाया है।

सांसद जगदंबिका पाल, साक्षी महाराज से लेकर हारे हुए उम्मीदवार आर के सिंह पटेल ने तो भीतरघात करने वाले नेताओं के नाम तक बताए । टास्क फ़ोर्स में शामिल कुछ नेताओं का कहना है कि संगठन ने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया। बूथ प्रबंधन,चुनाव प्रचार से लेकर रैली और रोड शो की व्यवस्था में कहीं कोई कमी नहीं रही। इसके साथ ही हार के कारणों में आरक्षण के मुद्दे से लेकर, जातीय गोलबंदी, कोआर्डिनेशन की कमी समीक्षा में ख़ासतौर पर उभरकर सामने आया। 80 लोकसभा सीटों पर समीक्षा हुई। इस दौरान यह सामने आया है कि पूर्वांचल से से लेकर पश्चिम तक एक खास पैटर्न में बीजेपी के वोट कम हुए।

औसतन करीब 6 से 7 फीसदी वोटों की कमी का पैटर्न पाया गया।यूपी में लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो बीजेपी कुल 80 सीटों में से 75 पर लड़ रही पार्टी को 33 सीटें मिलीं। साल 2019 के चुनाव के मुकाबले यह 39 सीटों का घाटा है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी कुल 62 सीटों पर लड़ी और 37 पर जीत हासिल की। 2019 के मुकाबले ,सपा को 32 सीटों का फायदा हुआ। वहीं कांग्रेस 17 लीटों पर लड़ी और 6 सीटें जीती।


उसे पांच सीटों का लाभ हुआ। इस चुनाव में बीजेपी का 44, सपा का 50 और कांग्रेस का 35 फीसदी स्ट्राइक रेट रहा।विपक्ष की रणनीति भी एनडीए के लिए मुसीबत साबित हुई जैसे सपा पर हमेशा से यह आरोप लगते रहे हैं कि वे सिर्फ एक समुदाय या जाति के लोगों को ही टिकट देने में वरीयता देते हैं। लेकिन इस बार अखलिश यादव ने काफी सतर्क रहते हुए जातगित समीकरणों को देखते हुए प्रत्याशी उतारे।यही वजह है कि उनके कैंडिडेट जमीन पर भाजपा को टक्कर देते नजर आए। मेरठ, घोसी, मिर्जापुर जैसी सीटें इसका उदाहरण हैं।जहां अखलिश ने सूझबूझ से एनडीए के प्रत्याशियों को फंसा दिया।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही 400 पार का नारा दिया, भाजपा के कुछ नेता दावा करने लगे कि 400 पार इसलिए चाहिए क्योंकि संविधान बदलना है। कांग्रेस और सपा ने इसे आरक्षण से जोड़ दिया। दावा किया कि भाजपा इतनी ज्यादा सीटें इसलिए चाहती है ताकि वह संविधान बदल सके और आरक्षण खत्म कर सके। दलितों और ओबीसी के बीच यह बातें काफी तेजी से फैली और नतीजा वोटों के रूप में सामने आया।मायावती ने ऐसे कैंडिडेट उतारे, जिन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए फायदे का काम किया।

भाजपा को इससे काफी नुकसान हुआ। इससे दलित वोटों में भी भारी बंटवारा हुआ।खासकर पश्चिमी यूपी में बसपा के कैंडिडेट ने भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया। मेरठ, मुजफ्फर नगर, चंदौली, खीरी और घोसी लोकसभा सीटों पर इसी वजह से मुकाबला रोचक हो गया।इसके साथ ही नौकरी और पेपर लीक के मुद्दे को लेकर भी भाजपा सरकार पर लगातार ये आरोप लग रहे हैं कि वे नौकरी नहीं दे पा रहे हैं। पेपर लीक हो जाता है। इसके लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते।बहुत सारे युवा वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी उम्र निकल रही है।

वे परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं। युवाओं में यह एक बड़ा मुद्दा था। इसी वजह से जमीन पर भारी संख्या में युवा भाजपा से काफी नाराज दिखे। मतों में भी बात झलक कर सामने आई।उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को मिली बढ़त ने बीजेपी को आत्ममंथन करने का मौका दिया है। बीजेपी को मिली हार का कारण केवल एक पहलू नहीं हो सकता है। किसी पर हार का ठीकरा फोड़ने से पहले खुद का विश्लेषण करना होगा।

# टेंशन लेना भी जरूरी बढ़ती है इम्यूनिटी, रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 22 जून : भागदौड़ भरी जिंदगी में रोजमर्रा के छोटे-छोटे तनाव लेना अच्छा होता है। इससे दिमाग युवा बना रहता है और वृद्धावस्था बेहतर तरीके से गुजारने में मदद मिलती है। हाल ही में एक रिसर्च में यह बात सामने आई है। इससे पहले 1990 के दशक में इस तरह के तनाव को सेहत के लिए हानिकारक माना जाता था, लेकिन पहली बार फिरदौस डाभर नाम के एक अमेरिकी मनोचिकित्सक ने न्यूयॉर्क की रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एक रिसर्च के साथ इस संबंध में स्टडी की।

छोटे-छोटे तनाव हमारे इम्यून सिस्टम पर सकारात्मक असर डाल रहे हैं। आधुनिक दुनिया के लिए छोटे-छोटे तनाव बेहद जरूरी हैं। उदाहरण के तौर पर किसी एथलीट को आगामी दौड़ को लेकर थोड़ा तनाव होना जरूरी है। इससे हृदय और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और प्रदर्शन में सुधार आता है। हल्के शारीरिक व मानसिक तनाव दोनों से रक्त में इंटरल्यूकिन नामक रसायन बनता है। जो इम्यून सिस्टम को सक्रिय करता है। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दिमाग का आकार 40 साल के बाद एक दशक में लगभग 5% की दर से घटता है। 70 की उम्र के बाद गिरावट की दर बढ़ जाती है। दिमाग की यह सिकुड़न ऐसे बुजुर्ग में 4 साल तक कम हो जाती है जो नियमित व्यायाम करते हैं।

## मलेथा के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त, सभी सुरक्षित

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत शुक्रवार सुबह करीब 2 बजे मलेथा के पास एक यात्री वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नीचे खाई में जा गिरा। वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 2 बजे रूद्रप्रयाग से देहरादून के ओर जा रही एक यात्री वाहन मलेथा के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क ने नीचे जा गिरी। बताया कि वाहन में सवार 6 यात्री को किसी भी प्रकार की कोई चोटे नहीं आयी है। सभी यात्री कुछ ही देर बाद अपने गतव्य के लिए निकल गये थे।

## नवनिर्मित नागराजा मंदिर में हुई राधा और कृष्ण की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक की उपली रमोली पट्टी के ग्राम घोडपुर में नवनिर्मित नागराजा मंदिर में शुक्रवार को राधा और कृष्ण की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार से पंडितों ने विशेष पूजन और हवन के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। लोगों ने मूर्ति के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। बता दें कि बीते 16 जून को घोड़पुर के ग्रामीणों ने आराध्य देवताओं को गंगोत्री धाम ले जाकर स्नान कराया गया। 17 जून से पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन यज्ञ कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। कुल पुरोहित हरि प्रसाद भट्ट, आचार्य हरिप्रसाद ने पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश राणा ने मंदिर की कार्यक्रम में उपस्थित होकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि देवत्व वाले कार्य में सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए। कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां कण-कण में भगवान बसते हैं। सेम नागराजा क्षेत्र के आराध्य देव हैं। गांव-गांव में उनके मंदिर बने हुए हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रेखा असवाल, ग्राम प्रधान बलबीर सिंह राणा, ओनालगाव के प्रधान नत्थी सिंह राणा, खंबाखाल के प्रधान राजेंद्र प्रसाद बहुगुणा, भागदेई देवी बलवीर नेगी, शंभू नेगी, महावीर नेगी, देव सिंह नेगी, शिव सिंह नेगी, माया नेगी, राय सिंह चौहान, भगवान सिंह नेगी, जोत सिंह नेगी, मुकंद नेगी, मनोज नेगी, शूरवीर नेगी, प्रताप नेगी, विजयपाल नेगी, जग मोहन नेगी, राजपाल नेगी, संजय नेगी मौजूद रहे।

# रईसी हो तो ऐसी ! ट्रैफिक में फंस न जाए, लड़की ने कैब छोड़कर मंगवा लिया हेलिकॉप्टर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 जून : ट्रैफिक जाम की समस्या केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई बड़े शहरों में देखने को मिलती है. न्यूयॉर्क सिटी, जो अपने बदनाम ट्रैफिक के लिए मशहूर है, वहां से एक रोचक घटना सामने आई है. भारतीय मूल की खुशी सूरी ने न्यूयॉर्क के भयानक ट्रैफिक से बचने के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया. उन्होंने एयरपोर्ट पहुंचने के लिए कैब के बजाए हेलिकॉप्टर राइड का ऑप्शन चुना।

खुशी ने बताया कि उन्हें मैनहट्टन से जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाना था. उन्होंने ट्रैफिक से बचने के लिए उबर पर हेलिकॉप्टर राइड ऑप्शन को चुनने का फैसला किया. अब आप कहेंगे कि ये तो पागलपन है, इतनी भी क्या रईसी. लेकिन खुशी ने ट्विटर पर अपना जो अनुभव शेयर किया है, उसे जानकर आप भी दंग रह जाएंगे. उन्होंने सोशल साइट एक्स पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें उबर कैब और हेलिकॉप्टर राइड की लागत और यात्रा के समय की तुलना की गई थी। लड़की के स्क्रीनशॉट के मुताबिक, उबर कैब की सवारी का अनुमानित किराया 131.99 डॉलर (यानि 11,023.47 रुपये) था, जिसमें उन्हें एयरपोर्ट तक पहुंचने में एक घंटे का समय लगता. वहीं, मैनहट्टन से एयरपोर्ट तक ब्लेड हेलिकॉप्टर का किराया 165 डॉलर (13780.39 रुपये) था, लेकिन इससे उन्हें पांच मिनट में ही एयरपोर्ट पहुंचाने का वादा किया गया था।

इस हिसाब से देखा जाए, तो ये एक स्मार्ट मूव था. क्योंकि, दोनों के किराये में ज्यादा अंतर नहीं है, और लड़की थका देने वाली ट्रिप के बजाए, बहुत कम समय में एयरपोर्ट भी पहुंच गई. खुशी की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर काफी चर्चा बटोरी है. नेटिजन्स यह सोचकर काफी हैरान हैं कि इतने कम अंतर में हेलिकॉप्टर राइड का ऑप्शन भी उपलब्ध है।



# क्या आप भी टॉयलेट में चलाते हैं फ़ोन, तो हो जाएं सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 जून : अक्सर लोग अपने स्मार्टफोन को हर जगह अपने साथ लेकर जाते हैं। फिर चाहे वो किचन हो या फिर बाथरूम। कुछ लोग एक पल के लिए भी अपना मोबाइल अपने आप से दूर नहीं रखतें। ऐसे में जब वो टॉयलेट जाते है तो मोबाइल को भी साथ ले जाते है। वहां कमोड पर बैठकर घंटों तक फ़ोन चलाते रहते है।

टॉयलेट में फोन चलाने के नुकसान

एक्सपर्ट्स की माने तो ये आपकी सेहत के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। अगर आप भी अपना मोबाइल टॉयलेट लेकर जाते है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इसमें हम आपको टॉयलेट में मोबाइल फोन ले जाने के साइड इफेक्ट्स बताएंगे। तो चलिए जानते है टॉयलेट में फोन ले जाने के नुकसान



**टॉयलेट में मौजूद ढेर सारे बैक्टीरिया और जर्म्स**

टॉयलेट में मोबाइल फोन लेकर जाना आपकी सेहत के लिए काफी नुक्सानदायक हो सकता है। टॉयलेट में ढेर सारे बैक्टीरिया और जर्म्स पाए जाते हैं। चाहे फिर वो टॉयलेट सीट हो, फ्लश का बटन हो या फिर टॉयलेट में मौजूद नल ही क्यों न हो।

इन सब में ढेर सारे बैक्टीरिया और जर्म्स पनपते है। ऐसे में टॉयलेट में जब आप फ़ोन का इस्तेमाल करते है और उसके बाद इन सभी चीज़ों को छूतें है तो ये सारे बैक्टीरिया आपके हाथ से फ़ोन पर आ जाते है। जिसके बाद वो फ़ोन से शरीर के अंदर चले जाते है।मांसपेशियों में अकड़नजर्म्स के अलावा अगर आप घंटों तक टॉयलेट की कमोड पर बैठकर फ़ोन का इस्तेमाल करते है तो इससे आपकी मांसपेशियों में अकड़न आ जाती है। जिससे आपको घुटनों व कमर में दर्द की समस्या भी शुरू हो सकती है।

**टॉयलेट में जितना कम समय, उतने स्वस्थ आप**

सुबह फ्रेश होने के लिए एक एवरेज व्यक्ति को दो से पांच मिनट का समय लगता है। आयुर्वेद भी इस बात को मानता है की आपका जितना जल्दी पेट साफ़ हो उतना आपकी सेहत के लिए अच्छा होता है।लेकिन ज्यादातर लोग टॉयलेट में फ़ोन का इस्तेमाल करते है जिससे वो आधे या एक घंटा टॉयलेट में ही बिता देते है। फ़ोन चलाने की वजह से लोग ठीक से फ्रेश भी नहीं हो पाते हैं।

**पाइल्स जैसी गंभीर बीमारी को न्योता**

टॉयलेट में ज्यादा देर बैठे रहने से रेक्टम यानी मलाश पर असर पड़ता है। रेक्टम पर अधिक जोर पड़ने से पाइल्स या बवासीर जैसी गंभीर बीमारी उन लोगों को हो सकती है जो लोग ज्यादा देर तक टॉयलेट में समय बिताते है।मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है असररिसर्च के मुताबिक टॉयलेट में फोन ले जा कर घंटों समय बिताने से मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। टॉयलेट में कई लोग गहरी सोच करते है। साथ ही जिंदगी के बड़े बड़े प्लान भी सोचते है।ऐसे में जब आप पहने लेकर टॉयलेट जाते है तो आप कुछ सोच नहीं पातें। कुछ अलग सोचने की बजाएं अपना समय आप मोबाइल में बर्बाद कर देते है। ये आपके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है।


## बद्रीनाथ विस सीट पर उप चुनाव के लिए 05 प्रत्याशियों नामांकन किए

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। उप चुनाव के लिए कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। रिटर्निंग आफिसर आरके पांडेय ने बताया कि उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 04 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र जमा किए है।

इसमें कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार लखपत सिंह, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी, निर्दलीय प्रत्याशी नवल किशोर खाली और बच्ची राम शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी पहले ही नामांकन कर चुके है। इस प्रकार बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

है। आगामी 24 जून को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 26 जून तक नाम वापस लिया जा सकता है। उप चुनाव के लिए विधानसभा बद्रीनाथ सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होनी है।

## संपादकीय



## केजरीवाल की जमानत पर रोक

दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत देकर सभी पक्षों को चौंका दिया। केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था।इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद दो जून को उन्हें जेल लौटना पड़ा था। बहरहाल केजरीवाल की जमानत आधी-अधूरी साबित हुई, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय ने तब तक जमानत की प्रक्रिया पर रोक लगा दी, जब तक उसकी सुनवाई पूरी न हो जाए। अब साफ है कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना फिलहाल रुक गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का जश्न और भविष्य की योजनाओं पर सन्नाटा पसर गया है। दरअसल केजरीवाल का जेल में रहना 'आप' के लिए बहुत बड़ी सजा है, लिहाजा जमानत के फैसले पर पार्टीजन 'सत्यमेव जयते' के नारे लगा रहे थे। चूंकि 'आप' का राष्ट्रीय संयोजक फिलहाल जेल के बाहर आ रहा था, लिहाजा वे जश्न मना सकते थे। अब सब कुछ स्थगित हो गया है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू कर दी है। हम केजरीवाल और 'आप' के प्रवक्ता, नेताओं से सवाल करना चाहते थे कि देश में संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र अभी जिंदा हैं अथवा नहीं? चुनाव के दौरान एक झूठा नेरेटिव कांग्रेस ने गढ़ा था कि यदि मोदी सरकार ही लौट कर आ गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। जाहिर है कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो न्यायपालिका का अधिकार-क्षेत्र भी प्रभावित होगा। आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस झूठे नेरेटिव को केजरीवाल-समूह ने भी आगे बढ़ाया था, क्योंकि 'आप' भी 'इंडिया' विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रही है। बेशक चुनाव भी प्रभावित हुआ। यह जनादेश से स्पष्ट है कि भाजपा को भी बहुमत नहीं मिला। वह 240 सीट पर ही सिमट गई, नतीजतन देश में गठबंधन की सरकार बनी है। जब केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, तो क्या कहेंगे? आम चुनाव तो सम्पन्न हो चुके। 'आप' के मात्र तीन सांसद पंजाब से चुने गए हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# यहां कराई गई 'भूतों' की अनोखी शादी मामला जान इमोशनल हो जाएंगे आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 जून : मलेशिया में एक भयानक कार हादसे में यांग जिंगशान और ली शुएयिंग नाम के एक कपल की मौत हो गई. यह घटना पेराक के उत्तर पश्चिमी इलाके में 24 मई को हुई थी. दोनों पिछले तीन साल से रिलेशनशिप में थे और बहुत जल्द शादी करने का प्लान कर रहे थे. बताया जा रहा है कि जिंगशान अपने बर्थडे पर बैंकॉक जाकर ली को प्रपोज करने की सोच रहे थे, लेकिन किस्मत का खेल देखिए उससे पहले ही उनकी कार पलट गई और दोनों अब इस दुनिया में नहीं हैं।





मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे के बाद दोनों घर के परिवारों ने मिलकर एक अनोखा रस्म निभाने का फैसला किया. उन्होंने अपने-अपने बच्चों की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए 'भूत विवाह' कराया. चीन में यह एक ऐसी प्रथा है, जिसके तहत दो गैर शादीशुदा मृत आत्माओं को शादी के पवित्र बंधन में बांधा जाता है. ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से मृत्यु के बाद भी दोनों पति-पत्नी के रूप में हमेशा के लिए एक हो जाते हैं और इससे उनकी आत्मा को शांति मिलती है.जिंगशान और ली के घरवालों ने बीते सोमवार को एक फ्यूनरल हॉल में इस अनोखे रस्म का आयोजन किया, जहां दोनों की शादी कराई गई. परिवार ने उनके लिए बाकायदा शादी की एक तस्वीर भी बनाई. जिंगशान के घरवालों ने अपने शोक संदेश में ली को बहू के रूप में स्वीकार किया।

## लघु व्यापारियों ने उत्पीड़न के विरोध में निकाला पैदल मार्च

हरिद्वार । लघु व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर शोषण और उत्पीड़न के विरोध में प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में देवपुरा चौराहे से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। लघु व्यापारियों ने इस दौरान जिलाधिकारी को लिखे ज्ञापन को सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा कि नगर निगम प्रशासन, सामान्य प्रशासन द्वारा उत्तराखंड शासन नगरीय फेरी नीति नियमावली का उल्लंघन कर लघु व्यापारियों को उनके कारोबारी स्थान से वंचित किया जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि लघु व्यापारियों का शोषण और उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो आगामी 25 जून को जन समर्थन के साथ न्याय यात्रा निकालकर नगर निगम का घेराव कर अपनी न्याय पूर्ण मांगों को दोहराया जाएगा। इस दौरान मनोज कुमार, धर्मपाल कश्यप, कपिल कुमार, कमल सिंह, सुनील कुकरेती, फूल सिंह, मनीष शर्मा, दीपक कुमार, नितेश सैनी, नंदकिशोर गोस्वामी, पंडित कमल शर्मा, कामिनी, सीमा, सुमित्रा देवी, मुन्नी देवी आदि लघु व्यापारी शामिल रहे।

## दो भाइयों से मारपीट में मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। रानीपुर क्षेत्र के गांव गढ़ निवासी कदीर ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके छोटे भाई आयान की गांव में ही हेयर ड्रेसर की दुकान है। बीती 19 जून को उसका भाई दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही शमशुल, शाहनूर, सुहैल पुत्रगण इरशाद, मोहब्बत अली पुत्र शरीफ, मेहरबान पुत्र मोहब्बत उसके भाई की दुकान में घुस गए, उन्होंने उसके भाई की पिटाई करते हुए दुकान में तोड़फोड़ कर दी। भाई के चीखने चिल्लाने पर पहुंचे दूसरे भाई नदीम को भी बेरहमी से पीटा। आरोप है कि शाहनूर और शमशुल ने डंडे से उसके भाई आयान के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के एकत्र होने पर हमलावर फरार हो गए। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रंजिश में बुजुर्ग को पीटने के मामले में सगे भाइयों पर केस

रुड़की। रंजिश में बुजुर्ग को सगे भाइयों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के दामाद की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उप निरीक्षक पंकज कुमार को मामले की जांच सौंपी गई है।

गंगनहर कोतवाली को नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर कोतवाली लक्सर निवासी मोहम्मद इसरार ने तहरीर देकर बताया कि सात जुलाई को ससुराल में शादी समारोह का कार्यक्रम है। जिसके लिए 25 मई को ससुर नसीर अपने प्लॉट में साफ सफाई का काम कराने गए थे। जहां पर वाजिद और साजिद पुत्र मकसूद निवासी सालियर ने ससुर के प्लॉट में साफ-सफाई कराने का विरोध किया था। आरोप है कि दोनों भाइयों ने ससुर पर रंजिश में धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिसमें ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रुड़की में प्राथमिक उपचार के बाद ससुर को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां अभी भी ससुर की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित ने आरोपियों से जान माल का खतरा बताया है।

# देहरादून : आईएफएस अफसरों ने चलाई साइकिल, दून से दिया बड़ा संदेश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 22 जून : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर की जा रही गतिविधियों की श्रृंखला में, 55वें आरआर के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों द्वारा 14 किमी. की साइकिलिंग का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल आदतों को बढ़ावा देना था।

इस आयोजन के माध्यम से साइकिल को अपनाने का संदेश भी दिया गया जोकि न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने का माध्यम है अपितु यह एक स्वास्थ्यवर्धक जीवन चर्या को भी बढ़ावा देती है। अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आईएफएस प्रशिक्षुओं ने संदेश दिया कि जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग में कमी जाने तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे छोटे-छोटे कदमों से हम पृथ्वी को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने के लिए बड़े बदलाव ला सकते हैं। इसमें हर किसी का छोटे-से-छोटा प्रयास भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। ध्यान देने योग्य है कि अकादमी द्वारा जून 2015 में ही अपने परिसर में सिंगल-यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक कटलरी, प्लास्टिक स्टेशनरी आदि के प्रयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया था।

इससे पूर्व 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर अकादमी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई और संपूर्ण कार्यालयों एवं आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सभी अधिकारियों, कार्मिकों और प्रशिक्षु अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस श्रृंखला में पौधारोपण कार्यक्रम तथा संभाषण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून के अपर निदेशक राज कुमार बाजपेयी, अपर प्राध्यापक अमित कुमार, अपर प्राध्यापक जीपी नरवणे, स्पोर्ट्स अधिकारी कुणाल अंग्रिश, 55वें आरआर के आईएफएस प्रशिक्षु और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में शुरू हो रही टाटा की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, लोकल युवाओं को मिलेगा रोजगार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उधमसिंह नगर 22 जून : टाटा समूह अपने अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट यहाँ स्थापित करने वाला है जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर चिप के सब कॉम्पोनेंट तैयार किए जाएंगे, इसकी दुनियाभर में बेहद ज्यादा डिमांड है क्योंकि इसे इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर लो रीढ़ की हड्डी माना जाता है और ये सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में प्रयोग होता है प्रदेश में चल रही उच्चतम स्तर की बेरोजगारी के लिए प्रदेश सरकार इन्वेस्टर्स समिट के जरिए राज्य में उद्योग क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती है।

उत्तराखंड में टाटा समूह अपनी इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्थापित करने जा रहा है, लम्बे समय से सचिव नियोजन आर मीनाक्षी सुंदरम समेत उद्योग से जुड़े अधिकारी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं और अब टाटा समूह द्वारा इसे मंजूरी भी मिल गई है। साथ ही टाटा समूह ने इसके लिए रुद्रपुर खुर्पिया फॉर्म का चयन भी कर लिया है, यहाँ पर करीब 350 एकड़ में टाटा ग्रुप का मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थित होगी। उत्तराखंड शासन के अधिकारी टाटा इलेक्ट्रॉनिक के सीईओ के साथ कई दौर की बातचीत कर चुके हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि इसकी जिम्मेदारी संभाल रही मीनाक्षी सुंदरम टाटा इलेक्ट्रॉनिक समूह के साथ संपर्क में है और कोशिश की जा रही है कि टाटा समूह की ये बड़ी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जल्द से जल्द उत्तराखंड में स्थापित हो। पूरे विश्व में सेमीकंडक्टर चिप की भारी डिमांड है, अभी वर्तमान में ताइवान इस क्षेत्र में लीड कर रहा है। अब भारत भी ताइवान के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण के लिए कदम आगे बढ़ा रहा है, टाटा गुजरात में एक बड़ी यूनिट स्थापित कर रहा है और इसके सब कंपोनेंट के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में यूनिट स्थापित करने की तैयारी की जा रही है, टाटा ने असम के बाद उत्तराखंड में भी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने का फैसला लिया है। इसमें एक तरफ युवाओं का कौशल विकास हो सकेगा, साथ ही प्रदेश में बड़ी संख्या में यूनिट के माध्यम से रोजगार भी दिया जाएगा।

# उत्तराखंड : बच्चे के जन्म प्रमाण के आवेदन की जिम्मेदारी अस्पताल की, पोर्टल में भी हुए जरूरी बदलाव






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 22 जून : निजी अस्पताल में जन्में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अब अस्पताल को ही करना होगा, जिसके बाद अभिभावन अपने डॉक्यूमेंट के साथ अस्पताल से जारी आवेदन पत्र को लेकर निगम के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जाकर जन्म प्रमाण प्राप्त कर सकता है।

नवजात के जन्म प्रमाण पत्रों के नियम में बदलाव हुआ है केंद्र सरकार द्वारा पोर्टल पर नए नियम को लागू कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत यदि नगर निगम क्षेत्र के किसी भी निजी अस्पताल में बच्चे का जन्म होता है तो उसके जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन उसी हॉस्पिटल के द्वारा किया जाएगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि अभिभावकों को हॉस्पिटल द्वारा आवेदन पत्र की ओरिजिनल कॉपी और आधार कार्ड लेकर नगर निगम आना होगा और फिर नगर निगम जन्म प्रमाण पत्र जारी करेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है और अब सीएमओ सभी अस्पतालों को पत्र भेजेंगी।जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदनकर्ता का मोबाइल नंबर और आधार कार्ड को अनिवार्य कर दिया गया है। अभी तक आधार कार्ड के अलावा अन्य डॉक्यूमेंट चल जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। साथ ही यदि कोई एनआरआई का बच्चा यदि विदेश में पैदा होता है तो उसका भी जन्म प्रमाण पत्र भारत में ही बनेगा, शर्त ये रहेगी की उसका माँ या पिता में से कोई एक भारतीय होना चाहिए तथा उन्हें 60 दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। यह व्यवस्था अभी तक नहीं थी लेकिन अब इसे लागू कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन तलाक देने का आरोप लगाया

हरिद्वार। ज्वालापुर में एक महिला को तीन बार तलाक बोलकर तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति पर आरोप लगाते हुए इस संबंध में कोतवाली ज्वालापुर में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में तसनीम पुत्री सत्तार, निवासी शाहपुर भगवानपुर ने बताया कि उसका निकाह छह वर्ष पूर्व मोहम्मद चांद उर्फ चांदू पुत्र खुर्शीद निवासी ईदगाह रोड मोहल्ला पांवधोई से हुआ था। आरोप है कि एक वर्ष पूर्व उसके पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 16 जून को भी उसके पति ने जब उसे पीटा तो उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसके पति ने तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक देने की बात कहते हुए घर से निकाल लिया। आसपास के लोगों ने उसे जैसे-तैसे उसके घर में दाखिल कराया, लेकिन तब से उसका पति घर नहीं आ रहा है। एसएसआई राजेश बिष्ट ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ योग शिविर का आयोजन

हरिद्वार। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में चिकित्सक, प्रोफेसर एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। दूसरी ओर सतीकुंड के एमसीएस बाल विद्यापीठ में शिक्षकों और छात्रों ने योगाभ्यास किया। ऋषिकुल में मदन मोहन मालवीय प्रेक्षागृह के योगाभ्यास कक्ष में सभी चिकित्सकों, प्रोफेसरों और अन्य कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में परिसर निदेशक डॉ. डीसी सिंह ने योग के महत्व पर विचार व्यक्त किए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के समापन पर डॉ. शोभित कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि हम सभी को इस योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए। दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### गांजा तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

हरिद्वार। रानीपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1160 ग्राम गांजा (भांग पत्ती) बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। गैस प्लांट चौकी प्रभारी अमित नौटियाल ने बताया कि गुरुवार देर रात पुलिस टीम ने सुमननगर के पास एक व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से मिले बैग से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम निखिल पुत्र रामू, निवासी मोहल्ला रुदई निकट रऊजा अड्डा थाना कोतवाली शाहजहांपुर यूपी हाल निवासी अंकित गुप्ता का मकान निकट डैन्सो चौक सिडकुल बताया। जांच में सामने आया कि बरामद गांजा राजा उर्फ इरफान का है। इससे पहले भी उसने पिरान कलियर, बहादराबाद से लेकर कई जगह पर डिलीवरी दी है। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि राजा उर्फ इरफान की भी तलाश की जा रही है। उसके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### रुड़की में पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

रुड़की। शहर में एक कस्बे का लड़का पिस्टल लेकर घूम रहा था। पुलिस ने पिस्तौल बरामद कर युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। महिला उपनिरीक्षक वंदना नेगी को मामले की जांच सौंपी गई है। रुड़की कोतवाली के दरोगा असद सिंह पंवार और हेड कांस्टेबल देवेंद्र चपराना और सोनू रात्रि गश्त पर थे। इस बीच उन्हें सरकारी बैंक के रोड के पास साऊद पुत्र जहांगीर निवासी पीरपुर कोतवाली मंगलौर मिला। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। संदिग्ध गतिविधि होने पर साऊद को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोक लिया। तलाशी में साऊद के पास से एक पिस्तौल बरामद की। कोतवाली लाकर पूछताछ करने पर साऊद ने बताया कि करीब एक महीने पूर्व आसफ नगर झाल के पास से पिस्टल मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि मंगलौर कस्बे के साऊद से पिस्तौल बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे कोर्ट में पेश किया गया है।

### पुलिस को फिट रहने के लिए योग करना आवश्यक

रुड़की। कस्बे में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। एंबीशन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को पीटीआई सुमित स्वामी के मार्गदर्शन में योग अभ्यास किया। स्कूल प्रबंधक विश्वास कुमार, निर्देशक विपुल कुमार, सोनम पंवार और प्रधानाचार्य पूजा सत्संगी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। थाना परिसर में भी पुलिसकर्मियों ने योगाभ्यास किया गया। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने कहा कि पुलिस को फिट रहने के लिए योग करना आवश्यक है।